दिनांकः 11.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उदयपुर में चल रहे चिंतन शिविर में मंथन जारी।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–सरकार नशामुक्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, पिछले वर्ष 16 हजार 900 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किये गये।
- प्रदेश में आज विभिन्न स्थानों पर बरसात और कोहरे से जनजीवन प्रभावित–कई जगह रिमझिम बारिश का दौर जारी।
- युवा दिवस के अवसर पर कल जयपुर में होने वाले रोजगार उत्सव में साढे तेरह हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

............

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। आज उदयपुर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण से जुडे राष्ट्रीय चिंतन शिविर का औपचारिक उद्घाटन करते हुए उन्होंने महिला और बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न पहलों की जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ियों के नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। बाल संरक्षण योजनाओं का बजट वर्तमान में लगभग 15 सौ करोड़ हो गया है, जो वर्ष 2009 में 60 करोड़ था।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के साथ ही नीतिगत निर्णयों और भविष्य कार्ययोजनाओं के बारे में भी बताया।

...............

प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

................

चिंतन शिविर में मिशन वातसल्य, मिशन शक्ति और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी के साथ ही पोषण 2.0 अभियान पर चर्चा की जा रही है। इन सत्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। चिंतन शिविर का समापन कल होगा।

............

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2024 में 16 हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह आजादी के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। आज नई दिल्ली में मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि लगभग 24 लाख किलो नशीले पदार्थ जब्त किये गये, वहीं पिछले दस वर्ष में 56 हजार आठ सौ करोड़ रूपये से ज्यादा कीमत के मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार नशा मुक्ति के लिए हर प्रयास कर रही है।

...............

कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने **ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा** और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। ये पखवाड़ा 25 जनवरी तक चलेगा।

............

भारतीय हज समिति ने इस साल की हज यात्रा की दूसरी प्रतीक्षा सूची जारी कर दी है। इसमें विभिन्न राज्यों से 3 हजार 676 आवेदकों को अस्थाई सीटें आवंटित की गई हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि इन आवेदकों को 23 जनवरी से पहले हज राशि के रूप में दो लाख बहत्तर हजार तीन सौ रुपए जमा कराने होंगे। आवेदकों को इसके लिए आवश्यक दस्तावेज भी जमा कराने होंगे। समिति इस साल एक लाख बाईस हजार लोगों को हज यात्रा पर भेजेगी।

............

प्रदेश में आज श्रीगंगानगर, पाली, हनुमानगढ़ और राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। नीम का थाना के उदयपुरवाटी, श्रीमाधोपुर और पाटन इलाकों में रिमझिम बारिश हो रही है। वहीं करौली में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। श्रीगंगानगर में आज दूसरे दिन भी हल्की बारिश का दौर रुक–रुक कर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मौसम में अचानक आए इस बदलाव और घने कोहरे से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है।

..............

बारां और सवाईमाधोपुर में दिनभर बादल छाए रहे और सर्द हवाएं चलीं। कोहरे से दृश्यता काफी कम है। डीग में भी कोहरे का असर रहा। बीते 24 घंटों में चूरू, फलौदी, जोधपुर, ओसियां, बीकानेर, डेगाना, जैसलमेर, अलवर और अजमेर में हल्की बरसात हुई। इसके असर से आज न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बीच, माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी कुछ घंटे जारी रहेगा।

..............

सर्दियों के मौसम में हमारे खानपान में बदलाव आता है। राजस्थान में सर्दियों के भी पारम्परिक व्यंजन हैं और इन दिनों मशहूर पकवानों की बहार है।

...............

स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष में नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस परिप्रेक्ष्य में आज युवा और खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे का राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 और विकसित भारत युवा नेता संवाद पर लिखा एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने कहा कि **विकसित भारत युवा नेता संवाद** देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनोखी पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व को दिशा प्रदान करना है।

इधर, जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का कल समापन होगा। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में यूथ आइकन अवॉर्ड्स भी दिये जाएंगे।

युवा दिवस के मौके पर जयपुर में रोजगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साढे 13 हजार से ज्यादा युवाओं को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें चिकित्सा, वित्त, गृह, राजस्व तथा शिक्षा विभाग में विभिन्न नियुक्तियां शामिल हैं। जयपुर के बिड़ला सभागार में होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव से सभी जिले वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़ेंगे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवा दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। श्री बागड़े ने कहा कि सभी को उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।

............

साइबर अपराधों के बढते मामलों को देखते हुए पुलिस आम लोगों को जागरुक कर रही है। इसी कड़ी में आज पाली में आम लोगों और स्कूली बच्चों को साइबर धोखाधड़ी के बारे में बताया गया। पुलिस ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन गेमिंग के जरिए होने वाले ठगी से सचेत रहने को कहा है। जिले के सिनेमाघरों में अब फिल्म शुरू होने से पहले साइबर सुरक्षा से जुडी क्लिप दिखाना अनिवार्य किया गया है।

............

जयपुर में पर्यटन विभाग की ओर से **कल्चरल डायरीज़** कार्यक्रम के तहत अल्बर्ट हॉल पर आज डिवाइन रिदम संध्या हो रही है। इसमें महेशाराम और उनके साथी कलाकार भक्ति गीत प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं शहर के जवाहर कला केन्द्र में आज ध्रुवपद गायन समारोह आयोजित किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से हो रहे इस आयोजन में सुनीता अमीन और पद्मश्री वासिफुद्दीन डागर का ध्रुवपद गायन हो रहा है।

............